दिनांक 11.04.2024
प्रेस विज्ञप्ति 11/2024

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद सीतापुर/थाना रामपुर कलां

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 11.04.2024 को थाना रामपुर कलां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोडरा पुल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अमित को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद उन्नाव, सीतापुर व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में धोखाधड़ी, आबकारी एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कमलापुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुर कलां पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—अमित निवासी उम्मेद खेड़ा थाना बन्थरा जनपद लखनऊ।

जनपद जौनपुर/थाना बदलापुर

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 पिकअप वाहन**
- **05 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 11.04.2024 को थाना बदलापुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शाहपुर गोशाला के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो

बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–करन कुमार घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–इकबाल हसन उर्फ भोनू 3–अजीत कुमार उर्फ गुड्डू 4–मिथिलेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 पिकअप वाहन, 05 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना बदलापुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–करन कुमार निवासी अजगरा थाना चोलापुर, वाराणसी।

2–इकबाल हसन उर्फ भोनू निवासी फतेहपुर खौदा थाना सिधौंरा, वाराणसी।

3–अजीत कुमार उर्फ गुड्डू निवासी कामापुर थाना सिधौंरा, वाराणसी।

4–मिथिलेश निवासी बेलारी थाना सिधौंरा, वाराणसी।

बरामदगी

1–01 पिकअप वाहन।

2–05 मोबाइल फोन।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

जनपद चित्रकूट/थाना भरतकूप

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **07 कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 11.04.2024 को थाना भरतकूप पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम डण्डिया आम की बाग से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त चुन्नीलाल उर्फ

वाणासुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 07 कारतूस विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना भरतकूप पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1– चुन्नीलाल उर्फ वाणासुर निवासी ग्राम डण्डिया थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट।

बरामदगी

1–09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–07 कारतूस विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

ए0एन0टी0एफ0 ऑपरेशनल यूनिट मेरठ/जनपद हापुड

- **02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **लगभग 51 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम**
- **03 मोबाइल फोन बरामद**

दिनॉकः 11.04.2024 को ए0एन0टी0एफ0 ऑपरेशनल यूनिट मेरठ टीम द्वारा सूचना के आधार पर स्याना चौपला गढ़ फ्लाई ओवर के नीचे थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ से 02 मादक पदार्थ तस्करों 1–अजय 2–पिन्टू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 51 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम, 2030/–रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अजय निवासी नई बस्ती रामलीला ग्राउन्ड थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

2–पिन्टू निवासी नई बस्ती रामलीला ग्राउन्ड थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

बरामदगी

1–लगभग 51 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम।

2–2030/–रूपये नगद।

3–03 मोबाइल फोन।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सूरजपुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **06 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **34 जीवित कारतूस विभिन्न बोर बरामद**

दिनॉकः 11.04.2024 को थाना सूरजपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर साइट बी जापान कम्पनी के पास से अभियुक्त लोकेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 06 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 34 जीवित कारतूस विभिन्न बोर बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–लोकेश निवासी ग्राम गांगरौल थाना विजयगढ़ जनपद अलीगढ़ वर्तमान पता–अर्थला थाना साहिबाबाद, गाजियाबाद।

बरामदगी

1–06 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–34 जीवित कारतूस विभिन्न बोर।

——————